Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 27-11-2006

Participants : Singh Shri Ganesh

>

Title: Need to set up an Indian Oil or Bharat Petroleum Depot in Village Vagha, Satna, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदय, मध्य प्रदेश के सतना जिला मुख्यालय में इंडियन आयल तथा भारत पैट्रोलियम का तेल डिपो 1940 से स्थापित था जिसे 30 अगस्त, 2006 को पूर्णतः बंद कर दिया गया है। उक्त डिपो से सतना, रीवा, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, पन्ना, छतरपुर जिले को डीजल, पैट्रोल एवं मिट्टी के तेल की आपूर्ति की जाती थी, अब इन जिलों को जबलपुर जिले के भिटौनी तथा सागर से जिसकी दूरी 250 से 350 कि0मी0 की है1 वहां से तेल की आपूर्ति टैंकरों के माध्यम से की जाती है। वर्तमान से तेल टैंकरों की फीलिंग तीन दिनों के इंतजार के बाद ही होती है तथा तेल के दाम भी बढ़ रहे हैं एवं मिलावट की पूरी संभावना बनी रहती है।

सतना में सर्वदलीय आंदोलन होने के बाद भी तेल डिपो बंद कर दिया गया तथा पूर्व पैट्रोलियम मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि म0प्र0 शासन ने वगहा गांव में नया तेल डिपो स्थापित करने हेतु जो 100 एकड़ जमीन दिलायी थी उसमें प्रत्येक पट्टेदार परिवार को नौकरी देने की जो शर्त रखी गयी थी यदि उस शर्त को हटा दिया जाये तो नया डिपो वगहा में लगाया जा सकता है। मैं यह बताना चाहता हूं कि म0प्र0 के मुख्य मंत्री जी ने उन सभी शर्तों को हटाने का पत्र जारी कर दिया है1 मैं आपके माध्यम से वगहा गांव में नया तेल डिपो लगाये जाने के निर्देश इंडियन ऑयल को दिये जाने की मांग करता हूं।